Regarding need for a new railway stadium with training facilities in Maldaha Uttar Parliamentary Constituency-laid

श्री खगेन मुर्मु **(**माल्दहा उत्तर**):** मैं माननीय रेल मंत्री का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र, मालदा उत्तर (कटिहार डिवीजन, नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे) में ड्रेसिंग रूम, उचित प्रशिक्षण सुविधाओं जैसी आधुनिक सुविधाओं के साथ एक नए रेलवे स्टेडियम की तत्काल आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । कालाचंद हाई स्कूल फील्ड और साहपुर शांतिपुर फील्ड में जो क्रमशः ओल्ड मालदा रेलवे स्टेशन और मालदा कोर्ट रेलवे स्टेशन के करीब स्थित हैं । मुझे विश्वास है कि इन सुविधाओं का विकास स्थानीय युवाओं के लिए खेलों को बढ़ावा देने के अलावा समुदाय के समग्र विकास में योगदान देगा । ऐसे बुनियादी ढांचे की अनुपस्थिति भावी पीढ़ियों की संभावनाओं को सीमित कर देती है और उन्हें पर्याप्त खेल सुविधाओं से वंचित रखती है । इसलिए, मैं विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि माननीय मंत्री जी मेरे अनुरोध पर सावधानीपूर्वक विचार करें और मालदह उत्तर में रहने वाले लोगों के जीवन और अवसरों को बेहतर बनाने के लिए इन महत्वपूर्ण सुविधाओं के निर्माण के लिए उचित कार्रवाई करें ।